
# Page Three

## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


## द ओलंपस हाईस्कूल में स्कोलास्टिक इंडिया पुस्तक मेला आयोजित



द ओलंपस हाईस्कूल में आयोजित पुस्तक मेले में लगे स्टॉल।

**संवाददाता** देहरादून। ओलंपस हाई स्कूल में आज स्कोलास्टिक इंडिया द्वारा पुस्तक मेले का आयोजन किया गया। यह माता–पिता और बच्चों के लिए एक जानकार अनुभव था जो अपने स्वाद की किताबें खोजने में तल्लीन थे। पुस्तक मेले में सम्मिलन, जीवनी और ज्ञान पुस्तकें शामिल रहीं। इस अवसर पर,प्रधानाचार्य अनुराधा मल्ला ने कहा, ष्छात्रों के बीच पढ़ने की आदत को बढ़ाने के प्राथमिक उद्देश्य के साथ मेले का आयोजन किया जा रहा है। पुस्तक मेले में आगंतुक और माता–पिता भी शामिल हुए। बच्चों के लिए विभिन्न गतिविधियाँ भी पुस्तक मेले का हिस्सा रहीं।

# कांग्रेस की ‘भारत बचाओ रैली’ की तैयारी को लेकर हुई बैठक

**बैठक**

देहरादून। **संवाददाता**

अखिल भारतीय कांग्रेसस कमेटी के आह्वान पर 14 दिसम्बर को नई दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के नेतृत्व में होने वाली ''भारत बचाओ रैली'' की तैयारी हेतु महानगर कांग्रेस अध्यक्ष लालचन्द शर्मा की अध्यक्षता तथा महानगर पर्यवेक्षक पूर्व विधायक रामसिंह सैनी की उपस्थिति में महानगर कांग्रेसजनों की बैठक का आयोजन प्रदेश कार्यालय में किया गया। बैठक में देहरादून महानगर से रैली में



बैठक में उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ता।

प्रतिभाग करने वाले कांग्रेसजनों की व्यवस्था आदि पर विचार विमर्श किया गया।

महानगर प्रवक्ता डॉ0 प्रतिमा सिंह ने बताया कि 14 दिसम्बर की रैली में भारी संख्या मे कांग्रेसजन उपस्थित रहेंगे इसीकी व्यवस्था हेतु बैठक में विचार–विमर्ष किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने कहा कि मोदी के राज में पूरे देश की जनता त्रस्त हो चुकी है। पूरे देष में अराजकता का माहौल व्याप्त है। आम आदमी विषेशकर महिलायें अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही हैं तथा हर ओर भय का वातावरण बना हुआ है। देष की अर्थ व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। बेरोजगारी का आलम यह है कि जिन युवाओं के पास नोटबंदी से पहले रोजगार था आज व भी बेरोजगार हो चुके हैं। मंदी के मारे लोगों के व्यापार ठप्प हो चुके हैं। साहूकारों के कर्ज से दबे किसान आत्महत्या को मजबूर हो रहे हैं।

# डीएम ने दिए अलाव जलाने की व्यवस्था करने के निर्देश

**निर्देश**

### समस्त तहसीलदरारों को जरूरी धनराशि भी कर दी गई आवंटित

**संवाददाता**

देहरादून। भारतीय मौसम विज्ञान केन्द्र द्वारा जारी पुर्वानुमान के अनुसार पहाड़ों पर भारी बर्फबारी, वर्षा, शीतलहर की चेतावनी को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी सी रविशंकर ने सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों सहित लोनिवि के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में बर्फबारी वाले क्षेत्रों में बर्फबारी से अवरूद्ध होने वाले मोटर मार्गों को सुचारू करने हेतु तैनात की जाने वाली जेसीबी एवं जेसीबी चालकों के फोन नम्बर, उनके तैनाती स्थल सम्बन्धी जानकारी जिला आपदा कन्ट्रोलरूम को दे दें। जिलाधिकारी ने नगर निगम एवं नगर पालिका परिषद के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्रों में नगर निगम, नगर पालिका परिषद को अलाव जलाने तथा नगर निगम एवं नगर पालिका परिषद से बाहर के क्षेत्रों में राजस्व विभाग की ओर से अलाव जलाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने समस्त सम्बन्धित विभागो के अधिकारियों को खाद्य गोदामों में राशन की व्यवस्था, शीतलहर के प्रकोप से बचाव हेतु सार्वजनिक स्थानों यथा धर्मशालाओं, रेनबसेरों, मुसाफिर खाना, पड़ाव सराय, चौराहा, रेल एवं बस स्टेशनों आदि पर आवश्यकतानुसार अलाव जलाने की व्यवस्था करने और शीतलहर के दौरान निराश्रित एवं असहाय/गृहविहिन व्यक्तियों को ठण्ड के प्रकोप से बचाने हेतु निःशुल्क कम्बल वितरित करने के निर्देश दिये। उन्होंने जनपद के बर्फबारी वाले क्षेत्रों में बर्फबारी के दौरान विद्युत एवं पेयजल लाईनें क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में विद्युत एवं पेयजल की व्यवस्था तत्काल बहाल करने, हिमस्खलन घटित क्षेत्रों में अत्यधिक सतर्कता बरतने, सड़क मार्गों को खोलने हेतु जेसीबी इत्यादि की पहले से तैनाती सुनिश्चित करने तथा राज्य आपदा प्रतिवादन बल के साथ ही सभी को अपने स्तर पर अन्यव्यस्थाऐं सुनिश्चित करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने की अपेक्षा की है।

अपर जिलाधिकारी (वि/रा) प्रभारी अधिकारी जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण देहरादून बीर सिंह बुदियाल ने जिलाधिकारी को अवगत कराया है कि जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण की ओर से गांधी आश्रम से 400 कम्बल क्रय कर जनपद की सभी तहसीलों को निराश्रितों को वितरित करने हेतु भेज दिये गये हैं तथा समस्त तहसीलदरारों को जरूरी धनराशि भी आवंटित कर दी गयी है। उन्होने अवगत कराया कि नगर निगम दून के अन्तर्गत पटेलनगर, ट्रान्सपोर्ट नगर, चुक्खुवाला व चूना भट्टा में, नगर निगम ऋषिकेश के अन्तर्गत आईएसबीटी ऋषिकेश, नगर पालिका परिषद विकासनगर में सामुदायिक भवन विकासनगर (अस्थाई), नगर पालिका परिषद हरबर्टपुर में निकट शिव मंदिर हरबर्टपुर, नगर पालिका पालिका परिषद मसूरी में किंग्रेट मसूरी तथा नगर पालिका परिषर डोईवाला में रेलवे स्टेशन डोईवाला में रेनबसेरे स्थापित है जहां पर कोई भी निराश्रित असहाय व्यक्ति शरण ले सकता है।

### कडाके की सर्दी का मौसम शुरू, अभी तक शहर में नहीं हो पाई अलाव की व्यवस्था

देहरादून। प्रदेश की राजधानी देहरादून में कोल्ड डे शुरू हो गया है। मौसम विभाग कई दिन से बारिश, बर्फबारी और ओलावृष्टि की संभावनाएं जता रहा है। बावजूद इसके शहर में अलाव की व्यवस्था कागजों से बाहर नहीं आ पाई है। हालांकि मेयर का कहना है कि 15 दिसंबर से अलाव जलाने के निर्देश दिए गए हैं।

शहर के कई ऐसे इलाके हैं, जहां हर साल सर्दियों में अलाव जलाए जाते हैं। यह केवल अलाव नहीं बल्कि गरीबों की रात काटने का एक बेहतर इंतजाम माना जाता है। इस साल रात का तापमान 7.2 डिग्री तक गिर रहा है लेकिन नगर निगम की अलाव योजना अभी तक उठकर ऊपर नहीं आ पाई है।

## न्यूज डायरी

### बोलेरो खाई में गिरी, 2 की मौत, 6 घायल

**संवाददाता** पिथौरागढ़। पिथौरागढ़ जनपद के वड्डा से कटियानी जा रही एक बोलेरो जीप असंतुलित होकर गहरी खाई में जा गिरी। मंगलवार रात हुए इस हादसे में 2 लोगों की मौत हो गयी जबकि 6 लोग घायल है। घायलों का पिथौरागढ़ जिला चिकित्सालय में उपचार चल रहा है। बताया जा रहा है कि बोलेरो जीप वड्डा से सवारी भरकर कटियानी को जा रही थी। तभी गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया और सन्न के पास गाड़ी गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में वाहन स्वामी अर्जुन सिंह की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि जगजीवन राम की मौत इलाज के दौरान हुई। वहीं हादसे में सभी घायलों का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। जिलाधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना वहीं शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### कार गहरी खाई में गिरने से मांमा–भांजे की मौत

**संवाददाता** ऋषिकेश। टिहरी जनपद के नरेंद्रनगर में कार 150 फीट गहरी खाई में गिरने से हादसे में कार सवार मामा–भांजे की मौत हो गई है। हादसा नरेंद्र नगर–रानीपोखरी मोटर मार्ग पर हुआ। हादसा तीन दिन पहले ही हो गया था, लेकिन सुनसान रास्ता होने की वजह से बुधवार को हादसे का पता चला। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शव को खाई से बाहर निकाला। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार नरेंद्रनगर–रानीपोखरी मोटर मार्ग पर हुई इस वाहन दुर्घटना की जानकारी बुधवार की सुबह 11 बजे पुलिस को मिली। मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### एचडीएफसी लाफ की ‘संचय पर एडव्हांटेज’ बीमा योजना का शुभारंभ

**संवाददाता** देहरादून। भारत की अग्रणी बीमा कंपनीयों में से एक एसडीफसी लाईफ जीवन बीमा निगम ने अपनी नई बीमा योजना, ‘एचडीएफसी लाईफ संचय पर अड़व्हाटेज’,की घोषणा की हैं। यह एक नॉन लिंक्ड, भाग लेने वाली(पार्टिसिपेटिंग) जीवन बीमा योजना हैं, जिसके तहत उपभोक्ता जीवनभर नियमित आय की जरूरत पूरी करने के साथ साथ जीवनभर की सुरक्षा के लिए एक सर्वसमावेशी योजना लेकर आये हैं एचडीएफसी लाईफ संचय पर अड़व्हाटेज योजना में उपभोक्ताओं को मर्यादित प्रीमियम भुगतान का भी विकल्प देता हैं। उपभोक्ता अपनी जरूरतों और वित्तीय लक्ष्यों की योजना के हिसाब से प्रीमियम हफ्ते की रकम, प्रीमियम भुगतान के हफ्ते और आय का विकल्प खुद चुन सकते हैं।

## भारतीय डाक विभाग ने “भौगोलिक दक्षिणी ध्रुव” पर विशेष आवरण जारी किया

**संवाददाता**

देहरादून। “अंतर्राष्ट्रीय पर्वत दिवस” पर भारतीय डाक विभाग उत्तराखण्ड परिमण्डल देहरादून एवं भारत तिब्बत सीमा पुलिस देहरादून के द्वारा संयुक्त रूप से पर्वतारोहण एवं उससे जुड़ी हुई विलक्षण साहसिक हस्तियों को समर्पित किया गया।

अपर्णा कुमार जो कि भारत तिब्बत सीमा पुलिस में उप महानिरीक्षक पद पर तैनात हैं, वे 13 जनवरी को दक्षिणी ध्रुव पर स्कीइंग कर भौगोलिक दक्षिणी ध्रुव पर पहुँची और ऐसा करने वाली पहली महिला आईपीएस बनीं। उनकी ऐसी साहसिक उपलब्धियों को यादगार बनाने के लिए आज भारत तिब्बत सीमा पुलिस देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में उत्तराखण्ड डाक परिमण्डल द्वारा “भौगोलिक दक्षिणी ध्रुव” पर एक विषेश आवरण जारी किया गया।



“भौगोलिक दक्षिणी ध्रुव” पर विषेश आवरण जारी करते हुए।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि, अपर मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड सरकार राधा रतूड़ी ने अपर्णा कुमार की उपलब्धियों पर उन्हें बधाई देते हुए भारत तिब्बत सीमा पुलिस एवं भारतीय डाक विभाग उत्तराखण्ड के इस तरह के आयोजन की सराहना की। अपर्णा कुमार 2002 बैच की आइपीएस अधिकारी हैं।

उन्होंने विश्व की सबसे ऊँची चोटी माउंट एवरेस्ट को विजित कर न केवल पहली महिला आईपीएस अधिकारी बनने का गौरव प्राप्त किया है बल्कि वे अखिल भारतीय सेवा की पहली अधिकारी हैं जिन्होंने सफलतापूर्वक पार किया है, जो कि विश्व के सातों महाद्वीपों की सर्वोच्च चोटियों को विजित करने की चुनौती होती है।

### कन्या विद्यालय के पास कूड़े का अंबार, शिकायत के बाद भी नहीं हुई सुनवाई

**(संवाददाता)** विकासनगर। जीवनगढ़ के राजकीय कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय परिसर के पास मुख्य मार्ग पर कूड़े के ढेर लगा है। जिससे विद्यालय के छात्रों और शिक्षकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शिक्षकों का कहना है कि स्थानीय दुकानदारों ने कई बार ग्रामीणों को स्कूल के पास कूड़ा न फेंकने को कहा गया है। बावजूद इसके लगातार विद्यालय के पास कूड़ा फेंका जा रहा है। इस मामले में विद्यालय की सहायक अध्यापिका रंजिता रावत ने बताया कि ग्रामीणों ने विद्यालय के आगे कूड़ा घर बना दिया है। इस संबंध में उन्होंने कई बार क्षेत्रीय विधायक, उप शिक्षा अधिकारी व संबंधित ग्राम प्रधान को इस समस्या से अवगत कराया है, बावजूद इसके अभी तक कोई इसका कोई समाधान नहीं हुआ है। ऐसे में दुर्गंध की वजह से विद्यालय परिसर में शिक्षकों और छात्रों का बैठना मुश्किल हो जाता है, जिसके चलते अब संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा भी बना हुआ है। शिक्षिका रंजिता रावत ने बताया कि ग्रामीण रात के समय और छुट्टी के दिन स्कूल के बाहर आकर कूड़ा फेंकते हैं।